# मालपूरा तेरा सच्चा है धाम भजन लिरिक्स

मालपूरा तेरा सच्चा है धाम,
सुनके कुशल गुरु तेरा मैं नाम,
दर्शन पाने को आया दर पे तेरे,
शीश झुकाने को आया दर पे तेरे।bd।
**malpura tera sacha hai dham lyrics**

तर्ज – आने से उसके।

---

जैतसिरी के प्यारे,
अपने भक्तो को परचा दिखाए,
भर दिए वो झोली,
कभी दर पे तुम्हारे फैलाए,
खाली है ये दामन,
आज भराने को आया दर पे तेरे,
शीश झुकाने को आया दर पे तेरे।bd।

---

सोमवार पुनम,
तेरे दर्शन की महिमा है भारी,
दर पे सर झुकाने,
आते लाखो ही नर और नारी,
मैं भी तेरे चरणों में,
पुष्प चढाने को आया दर पे तेरे,
शीश झुकाने को आया दर पे तेरे।bd।

---

क्या बताऊँ दादा,
तेरे दर्शन का मैं हूँ दिवाना,
आश कर दो पूरी,
दर से यूं ही न मुझको लौटाना,
आये है दादा गुरु,
आज मनाने को आया दर पे तेरे,
शीश झुकाने को आया दर पे तेरे।bd।

---

मालपूरा तेरा सच्चा है धाम,
सुनके कुशल गुरु तेरा मैं नाम,
दर्शन पाने को आया दर पे तेरे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com